an>

Title: Need to set up a sports academy in Sikar Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र सीकर, राजस्थान की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। सीकर ज़िले ने फुटबाल, बास्केटबाल और वॉलीबाल में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं। एक समय था जब बास्केटबाल के अंदर सीकर जिले के आधे से अधिक खिलाड़ी नेशनल और इंटरनेशनल टीम में होते थे। लेकिन धीरे-धीरे स्थिति यह पैदा हुई कि वहाँ पर SAI का जो सैन्टर था, उसको बंद कर दिया गया। परिणामस्वरूप आज वहाँ कोच नहीं है। हमारे पास प्रदेश का दूसरे या तीसरे नंबर का स्टेडियम है जिसमें हर प्रकार की सुविधाएँ हैं। परंतु समस्या यह है कि वहाँ कोई कोच नहीं है। आज भी मेरे क्षेत्र के छह-छह फुट के जवान आपको मिलेंगे। सेना में आप देखें तो हज़ारों की संख्या में हमारे सैनिक हैं और हमारे क्षेत्र के 274 सैनिक शहीद हुए हैं। खेल के मैदान में भी बहुत सारे युवा हैं। मेरा सैन्ट्रल गवर्नमैंट से निवेदन है कि हमारे सीकर में फुटबाल के लिए SAI का कोच दिया जाए और एक प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाए जिसमें छोटे बच्चों को ट्रेनिंग दी जाए, जिसको नर्सरी विंग बोलते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूँगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र सीकर में एक नर्सरी विंग का सैन्टर और एक SAI का कोच दिया जाए ताकि हम देश को अच्छे खिलाड़ी दे सकें।

HON. DEPUTY SPEAKER: *m02 Shri Gajendra Singh Shekhawat is permitted to associate with the issue raised by Shri Sumedhanand Saraswati.